दिन– शुक्रवार दिनांक– 01/05/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – लंबित प्रशासनिक मामलों के निपटारे के लिए उन्नीस मई से पंचायत स्तर पर सहयोग कार्यक्रम की होगी शुरूआत।

02 राज्य में जनगणना के तहत चल रही स्वगणना की प्रक्रिया आज रात समाप्त हो रही है। कल से शुरू होगा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का काम।

03. तेल विपणन कंपनियों ने एलपीजी के उन्नीस किलो के कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानवे रुपये की बढ़ोतरी की।

04. और, बुद्ध पूर्णिमा पर बोधगया के महाबोधि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब। विश्व शांति की प्रार्थना से गूंजी ज्ञान की नगरी।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि लोगों के लंबित प्रशासनिक मामलों के निपटारे के लिए उन्नीस मई से पंचायत स्तर पर सहयोग कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। इसके तहत सभी पंचायतों में महीने के पहले मंगलवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा। श्री चौधरी आज नालंदा के सरमेरा में बाबा महतो साहेब मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

––साउंड बाइट––

मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार और अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

––साउंड बाइट––

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, स्थानीय सांसद कौशलेन्द्र कुमार और विधायक श्रवण कुमार समेत कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि गंभीर अपराधों के मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति का सख्ती से लागू किया गया है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि आपराधिक घटनाओं के मामले में त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा रही है।

——साउंड बाइट——

---

राज्य में जनगणना, दो हजार सत्ताईस के तहत चल रही स्वगणना की प्रक्रिया आज रात समाप्त हो रही है। सत्रह अप्रैल से शुरू हुई इस प्रक्रिया के दौरान प्रदेश के लाखों नागरिकों ने आधिकारिक वेब पोर्टल —एसई डॉट सेंसस डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से अपनी और अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज की। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

राज्य में कल से मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य शुरू होने जा रहा है। इस चरण के तहत प्रगणक घर—घर जाकर नागरिकों से डेटा एकत्र करेंगे। जिन लोगों ने स्व—गणना पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज नहीं की है, प्रगणक उनके घर जाकर मैन्युअल रूप से विवरण प्राप्त करेंगे। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नागरिकों की आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता, जाति और अन्य सामाजिक—आर्थिक विवरण दर्ज किए जाएंगे। समाचार कक्ष से कामिनी ठाकुर।

---

केंद्र सरकार ने नागरिकता (संशोधन) नियम, दो हजार छब्बीस को अधिसूचित कर दिया है। इसके तहत ओसीआई कार्ड पंजीकरण अब पूरी तरह डिजिटल होगा। नए नियमों में ई—ओसीआई, बायोमेट्रिक आधारित फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन और नाबालिगों के लिए दोहरे पासपोर्ट पर पाबंदी जैसे प्रावधान शामिल हैं। एक रिपोर्ट—

——रिपोर्ट——

गृह मंत्रालय ने नागरिकता अधिनियम, 2009 में संशोधन किए हैं। इस बदलाव का उद्देश्य प्रक्रियाओं को सरल, पारदर्शी और तेज बनाना है। मंत्रालय ने कहा है कि कोई भी नाबालिग बच्चा भारतीय पासपोर्ट के साथ—साथ किसी अन्य देश का पासपोर्ट नहीं रख सकता है। अधिसूचना के अनुसार, ओसीआई कार्ड पंजीकरण के सभी आवेदन अब आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा किए जाएंगे। ओसीआई छोड़ने की घोषणा करने पर व्यक्ति को अपना मूल कार्ड निकटतम भारतीय मिशन, पोस्ट या विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी के पास जमा करना होगा। सरकार द्वारा ओसीआई दर्जा रद्द किए जाने की स्थिति में भी कार्ड लौटाना जरूरी होगा। नये नियम के अनुसार ओसीआई आवेदकों को अब फास्ट ट्रैक इमिग्रेशन प्रोग्राम में शामिल होने के लिए एक नए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने होंगे, जिसमें उन्हें पंजीकरण के दौरान अपनी बायोमेट्रिक जानकारी एकत्र करने के लिए सहमति देनी होगी। समाचार कक्ष से फरहत नाज़।

---

तेल विपणन कंपनियों ने एलपीजी के उन्नीस किलो के कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानवे रुपये की बढ़ोतरी की है। पटना में नई कीमत तीन हजार

तीन सौ छियालीस रुपये पचास पैसे होगी। संशोधित कीमत आज से प्रभावी हो गयी है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों पर सरकार का सीधा नियंत्रण नहीं है।

––साउंड बाइट––

---

जदयू अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पटना के एक अणे मार्ग से सात–सर्कुलर रोड वाले आवास में शिफ्ट हो गए हैं। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उन्हें नया आवास आवंटित किया गया था।

---

आज बुद्ध पूर्णिमा है। आज के दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान की प्राप्ति और महापरिनिर्वाण हुआ था। उन्हें बोधगया में महाबोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस अवसर पर बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। एक रिपोर्ट…

––रिपोर्ट––

बुद्ध पूर्णिमा पर ज्ञान नगरी बोधगया ''बुद्धम् शरणम् गच्छामि'' के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। आज सुबह अस्सी फीट की बुद्ध प्रतिमा से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, जो महोबोधि मंदिर तक पहुंची। इसमें श्रीलंका, थाईलैंड, वियतनाम, म्यांमार, नेपाल और भूटान सहित कई देशों के बौद्ध भिक्षु अपने पारंपरिक परिधान में शामिल हुए। पवित्र बोधिवृक्ष के नीचे विशेष प्रार्थना की गयी और बौद्ध भिक्षुओं द्वारा सूत्त–पाठ किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महाबोधि मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किये। उन्होंने महाबोधि मंदिर कॉरिडोर और विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर परियोजनाओं की समीक्षा भी की। साथ ही मुख्यमंत्री ने बोधगया स्थित शंकराचार्य मठ का भी अवलोकन किया। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने गयाजी के विष्णुपद मंदिर में भी पूजा–अर्चना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। आकाशवाणी समाचार के लिए बोधगया से धर्मवीर भारती।

---

इधर, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने आज पटना स्थित बुद्ध स्मृति पार्क में बौद्ध भिक्षुओं के साथ पूजा–अर्चना की। पटना के नौबतपुर में विश्व बंधु सामाजिक विकास केंद्र द्वारा तथागत बुद्ध पटावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गौतम बुद्ध विहार की ओर से इस अवसर पर पटना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालयों में भी इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

आज विश्व श्रमिक दिवस है। श्रमिक आंदोलनों और विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था में कामगारों के योगदान को रेखांकित करने के लिए प्रत्येक वर्ष पहली मई को श्रमिक दिवस मनाया जाता है। इसे मई दिवस के रूप में भी जाना जाता है। श्रमिक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैय्यद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने श्रमिक भाईयों और बहनों को शुभकामनाएं दी हैं।

---

श्रमिक दिवस के अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में जिला प्रशासन और विभिन्न मजदूर संगठनों की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शेखपुरा के जिलाधिकारी शेखर आनंद ने शेखोपुर सराय प्रखंड क्षेत्र के अस्थना गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर शिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। साथ ही बच्चों के बीच पठन–पाठन सामग्री का वितरण किया। जहानाबाद में श्रमिक सम्मान जागरूकता कार्यशाला में श्रमिक कल्याण योजनाओं पर व्यापक चर्चा की गयी। मुंगेर में इस अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा श्रमिकों के बीच विभिन्न योजनाओं की सहायता राशि वितरित की गयी। अररिया और सुपौल समेत विभिन्न जिला मुख्यालयों में भी प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशाला आयोजित किये गए।

---

मौसम विभाग ने मई महीने में बिहार में सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस अवधि में सामान्य वर्षापात उनसठ दशमलव एक मिलीमीटर रहने का अनुमान है। अप्रैल महीने में राज्य में सामान्य से सत्तावन प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। इस बीच, प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज भी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज पटना, गोपालगंज, दरभंगा, सारण और सीतामढ़ी समेत कई जिलों में तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान नवादा जिले के रजौली में सबसे अधिक अट्ठावन दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि कल भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना है। इस दौरान धूलभरी आंधी चलने की भी चेतावनी जारी की गयी है।

--साउंड बाइट--

इधर, मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वनवर्षा गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गयी।

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव चंचल कुमार कल पटना आ रहे हैं। श्री कुमार इस दौरान बिहार और झारखंड में मंत्रालय की विभिन्न इकाईयों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इस बैठक में पत्र सूचना कार्यालय, केन्द्रीय संचार ब्यूरो, आकाशवाणी और दूरदर्शन के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

---

औरंगाबाद जिले के बारून थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव में एक तेज रफ्तार मोटरसाईकिल अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में गिर गयी। इस हादसे में मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।

---

एनटीपीसी बरौनी को इंटरनेशनल बिजनेस कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित एक समारोह में सेफ्टी कल्चर के लिए 'गोल्ड अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया।

---

कटिहार के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, अरवल की जिलाधिकारी अमृषा बैंस, शिवहर की जिलाधिकारी प्रतिभा रानी और मधुबनी के जिलाधिकारी आनंद शर्मा को जिले में एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर्स रजिस्ट्री में उत्कृष्ट और सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

---

कटिहार के जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चंद्र चौधरी ने सभी निजी विद्यालय प्रशासन को अपने यहां नामांकित छात्रों का अपार कार्ड तीस जून तक बनवाने का निर्देश दिया है।

---

ज्ञान भारतम् मिशन के तहत जहानाबाद की जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने काको प्रखंड के अलीनगर पाली स्थित सैयद सलमान हुसैन के पास संरक्षित पांडुलिपियों का निरीक्षण किया। इधर, इस अभियान के तहत सुपौल के छातापुर के सदगुरू कबीर मठ हरिहरपुर में सौ वर्ष से अधिक पुरानी पांडुलिपि मिली है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा – लंबित प्रशासनिक मामलों के निपटारे के लिए उन्नीस मई से पंचायत स्तर पर सहयोग कार्यक्रम की होगी शुरूआत।

02 राज्य में जनगणना के तहत चल रही स्वगणना की प्रक्रिया आज रात समाप्त हो रही है। कल से शुरू होगा मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का काम।

03. तेल विपणन कंपनियों ने एलपीजी के उन्नीस किलो के कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानवे रुपये की बढ़ोतरी की।

04. और, बुद्ध पूर्णिमा पर बोधगया के महाबोधि मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब। विश्व शांति की प्रार्थना से गूंजी ज्ञान की नगरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।